उ0 प्र0 पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड

निविदा सूचना संख्या–03/ई0टी0सी0प्र0(वी0)/2023–2024

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दो अलग–अलग भागों में मुहरबंद निविदायें प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रत्येक निविदा के सम्मुख अंकित वापस न होने वाले निविदा मूल्य (नान रिफन्डेबिल) एवं धरोहर धनराशि जो कि S.E.ETC, Varanasi के खाता संख्या **4045002101942734** एवं IFSC कोड **PUNB0404500** बैंक पंजाब नेशनल बैंक, शाखा भिखारीपुर, वाराणसी में अलग–अलग RTGS/NEFT द्वारा जमा करना होगा, **(किसी अन्य माध्यम से निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि स्वीकार नहीं किया जायेगा)**। निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्यशील दिवस में 17.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदायें प्रत्येक निविदा के सम्मुख अंकित तिथि को 14.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा उसी दिन सायं 16.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष एक के बाद एक खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग में प्रत्येक निविदा के सम्मुख अंकित धरोहर राशि एफ0डी0आर0/सी0 डी0 आर0/RTGS/NEFT के रूप में, जो अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल, वाराणसी के पक्ष में बन्धक हो, अनुभव, आयकर, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं शर्ते होंगी तथा द्वितीय भाग में केवल दरें, होंगी। यदि निविदा खुलने की तिथि को अवकाश पड़ जाता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस पर नियत स्थान एवं नियत समय पर खोली जायेंगी ।

(1) **निविदा संख्या–03–ई0टी0सी0प्र0(वी0)/2023–2024–** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत प्रेषण मंडल प्रथम वाराणसी के उपयोग हेतु एक अदद डीजल चालित कार ड्राइवर सहित 08 महीनों के लिए किराए पर लगाने का कार्य। निविदा खुलने की तिथि–09–06–2023 निविदा प्रपत्र का मूल्य–रू0 560/–जी0एस0टी0 सहित। धरोहर राशि–रू0 2,000/–(रू0 दो हजार मात्र)।

" राष्ट्र हित में बिजली बचायें "

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत प्रेषण मंडल, प्रथम, वाराणसी